दरिया साहेब

(बिहार वाले)

के

चुने हुए शब्द

मुद्रक एवं प्रकाशक
बेलविडियर प्रिंटिंग वर्क्स
इलाहाबाद-२

मूल्य ~~१॥)~~ 3/

[पचहत्तर पैसे]

संतबानी पुस्तक-माला पर दो शब्द

संतबानी पुस्तक-माला के छापने का अभिप्राय जगत-प्रसिद्ध महात्मा
बानी और उपदेश का जिनका लोप होता जाता है बचा लेने का है जितनी बा
हमने छापी हैं उनमें से विशेष तो पहिले कहीं छपी ही नहीं थीं और जो छपी भी थ
प्राय: ऐसे छिन्न भिन्न और बेजोड़ रूप में या क्षेपक और त्रुटि से भरी हुई जिससे
पूरा लाभ नहीं उठाया जा सकता था।

हमने देश देशान्तर से बड़े परिश्रम और व्यय के साथ हस्तलिखित
ग्रन्थ या फुटकल शब्द जहाँ तक मिल सके असल या नकल कराके मँगवाये। भ
तो पूरे ग्रन्थ छापे गये हैं और फुटकल शब्दों की हालत में सर्व साधारण के उप
पद चुन लिये हैं, प्राय: कोई पुस्
रीति से शोधे नहीं छापी गई
फुट नोट में दे दिये गये हैं।
छापा गया है। और जिन भ
बृतान्त और कौतुक संक्षेप मे

दो अन्तिम पुस्तकें
(साखी) और भाग २ (श
श्री पंडित सुधाकर द्विवेदी
भविष्यति"।

एक अनूठी और अ
"लोक परलोक हितकारी"
श्रीमान् महाराजा काशी न
संग्रह है; जो सोने के तोल

पाठक महाशयों की
दृष्टि में आवें उन्हें हमको
दिये जावें।

कुल पुस्तकों की सू

मैनेजर—

दरियासाहब

बिहार वाले के

चुने हुए पद और साखी

गूढ़ शब्दों के अर्थ व संकेत नोट में
लिख दिये गये हैं

प्रकाशक

बेलवेडियर प्रेस, प्रयाग।

दूसरी बार] [मूल्य ।-)

Printed and Published at the Belvedere Printing Works, Allahabad, by E. Hall.

॥ संतबानी ॥

संतबानी पुस्तक-माला के छापने का अभिप्राय जगत-प्रसिद्ध महात्माओं की बानी और उपदेश को जिन का लोप होता जाता है बचा लेने का है। जितनी बानियाँ हमने छापी हैं उन में से विशेष तो पहिले छपी ही नहीं थीं और जो छपी थीं सो ऐसे छिन्न भिन्न और बेजोड़ रूप में या क्षेपक और त्रुटि से भरी हुई कि उन से पूरा लाभ नहीं उठ सकता था।

हम ने देश देशान्तर से बड़े परिश्रम और व्यय के साथ हस्तलिखित दुर्लभ ग्रन्थ या फुटकल शब्द जहाँ तक मिल सके असल या नक़ल कराके मँगवाये। भर-सक तो पूरे ग्रन्थ छापे गये हैं और फुटकल शब्दों की हालत में सर्व साधारण के उपकारक पद चुन लिये हैं। प्रायः कोई पुस्तक बिना दो लिपियों का मुक़ाबला किये और ठीक रीति से शोधे नहीं छापी गई है और कठिन और अनूठे शब्दों के अर्थ और संकेत फ़ुट-नोट में दे दिये हैं। जिन महात्मा की बानी है उनका जीवन चरित्र भी साथ ही छापा गया है और जिन भक्तों और महापुरुषों के नाम किसी बानी में आये हैं उनके वृत्तान्त और कौतुक संक्षेप से फ़ुट-नोट में लिख दिये गये हैं।

दो अन्तिम पुस्तकें इस पुस्तक-माला की अर्थात् "संतबानी संग्रह" भाग १ (साखी) और भाग २ (शब्द) छप चुकीं, जिनका नमूना देख कर महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी बैकुंठ-बासी ने गद्गद होकर कहा था—"न भूतो न भविष्यति"।

एक अनूठी और अद्वितीय पुस्तक महात्माओं और विद्वानों के बचनों की "लोक परलोक हितकारी" नाम की गद्य में सन् १६१६ में छपी है जिसके विषय में श्रीमान् महाराजा काशी नरेश ने लिखा है—"वह उपकारी शिक्षाओं का अचरजी संग्रह है जो सोने के तोल सस्ता है"।

पाठक महाशयों की सेवा में प्रार्थना है कि इस पुस्तकमाला के जो दोष उनकी दृष्टि में आवें उन्हें हमको कृपा करके लिख भेजें जिससे वह दूसरे छापे में दूर कर दिये जावें।

हिन्दी में और भी अनूठी पुस्तकें छपी हैं जिन प्रेम कहानियों के द्वारा शिक्षा बतलाई गई हैं। उनके नाम और दाम सूची से, जो कि इस पुस्तक के अंत में छपी है, देखिये। अभी हाल में कबीर बीजक और अनुराग सागर भी छापी गईं हैं जिसके दाम क्रमशः ॥।) और १) है।

मैनेजर, बेलवेडियर छापाख़ाना,

अप्रैल सं० १६३१ ई०

इलाहाबाद।

सूचीपत्र

निवेदन

यह थोड़े से चुने हुए शब्द और साखियाँ दरिया साहेब बिहार वाले की जो यहाँ छापी जाती हैं बाबू धीरजदासजी सेक्रिटरी संतमत सोसैटी जोतरामराय ज़िला पुरनिया की कृपा से मिली हैं जिस के लिये उन को अनेक धन्यबाद देता हूँ। परन्तु लिपि कैथी अक्षर में लिखी जगह जगह से अशुद्ध थी जिसे अनुमान एक बरस तक इस आसरे में डाल रक्खा गया कि दूसरी लिपि मिल जाय तो उस से या किसी समझदार दरिया पंथी के सम्मति से शुद्ध करूँ परन्तु जब मालूम हुआ कि धरकंधा के बड़े महंतजी के दबाव बस उनके मत-वाले अपने इष्ट की बानी की त्रुटियाँ ठीक करने को भी पाप समझते हैं तो लाचार होकर उसी लिपि की बाबू धीरजदासजी की सहायता से जहाँ तक हो सका दुरुस्ती की गई और कई पद जो समझ में न आये छोड़ दिये गये। ऐसी दशा में हम आशा करते हैं कि प्रेमीजन हमारी भूलों को क्षमा की दृष्टि से देखेंगे।

दरिया साहेब का जीवन-चरित्र उनके प्रसिद्ध ग्रंथ "दरिया सागर" के साथ छापा जा चुका है इस लिये उस के यहाँ फिर छापने की ज़रूरत नहीं है।

अप्रैल, सन् १९१३

अधम,

एडिटर, संतबानी पुस्तक-माला।

दरिया साहेब (बिहार वाले)

के

चुने हुए शब्द

॥ बन्दना ॥

परथम बन्दौं सत चरन, सीस साहेब को नाया ।
यह लीला अगम अपार, भेद बिरला केहु पाया ॥
अगम पुरुष सतबर्ग हैं, सोई मिले हम आय ।
हंसन के सुख कारने, हद्द दियो हद पाय ॥
दया बहु किन्हें जी ।
साहेब तुम गति अगम अपार दया बहु किन्हैं जी ॥ १ ॥
झलकत पदुम बहुत उजियारा, बदन छबि सुन्दर रेखा ।
अविगति जोति अधर परकासित, ज्ञान अगम गम पेखा ॥
बिरले जन कोइ चिन्हि के, सतय चरन सिर नाय ।
रहे प्रेम लोलाय के, नाम सजीवन पाय ॥
दया बहु किन्हें जी ।
साहेब तुम गति अगम अपार दया बहु किन्हें जी ॥ २ ॥
वह जिन्दा रूप अजरि अमरि, निर्मल जोति अपान ।
कहे सर्वज्ञ अरूप सभन तें, सुनो स्रवन दै ज्ञान ॥

बिगसित कँवल सीतल ह्वै आये, सुनहु बचन निर्शान।
हंसन बन्दि छुड़ाय के, जम के मरदे मान ॥
दया बहु किन्हें जो।
साहेब तुम गति अगम अपार दया बहु किन्हें जो ॥ ३ ॥
काल रेर* यह चोर, जीव जँहड़ावही।
करे सुरति लौ लाय, ताहि बिलमावही ॥
करे बिबेक बिचारि के, निर्मल धारे ध्यान।
फुल्लित कँवल गगन झरि लावहिं, झलकत सेत निसान ॥
दया बहु कीन्हें जो।
साहेब तुम गति अगम अपार दया बहु किन्हें जो ॥ ४ ॥
जो बूझै यह भेद है, सोई सन्त सुजान।
भये निर्मल परिमल, बास सुबास समान।
पारस पाय जन ऊघरे, निर्मल भजे सो ज्ञान।
जाय छप लोक रहित† घर पाये जहँ सब हंस सुजान ॥
दया बहु किन्हें जो।
साहेब तुम गति अगम अपार दया बहु किन्हें जो ॥ ५ ॥
जो करे परख लौ लाय, ताहि बिलमावहीं ॥
ब्रह्मा बिस्नु महेस, अंत नहिं पावहीं ॥
धरि धरि ध्यान समाधि करि, सपनेहुँ सो नहिं पाये।
दीन-दयाल कृपाल दया-निधि, हंसन लये बुलाये ॥
दया बहु किन्हें जो।
साहेब तुम गति अगम अपार दया बहु किन्हें जो ॥ ६ ॥

---

* झगड़ालू, फ़सादी † मोक्ष।

करहु भक्ति बे भर्म, कर्म बिसरावहु भाई ।
यह होय ब्रह्म भरिपूरि, तो नाम अमल पद पाई ॥
अमृत पोषन पाय के भक्ति करे लौ लाय ।
धन्य भाग वह जीव के, साहेब लीन्ह छोड़ाय
दया बहु किन्हें जी ।
साहेब तुम गति अगम अपार दया बहु किन्हें जी ॥ ७ ॥
कह दरिया सुन, सत्य सब्द यह बानो ।
कहाँ छिपे यह मूल, अगम सहिदानी ॥
सत्य सुकृत दिल लाइ के, गहिरत जेहि ले ज्ञान ।
जो जन के प्रतिपाल हैं, जम से राखि अमान ॥
दया बहु किन्हें जी ।
साहेब तुम गति अगम अपार, दया बहु कीन्हें जी ॥ ८ ॥

॥ बिनती ॥

(१)

अबरी* के बार बकसु मोरे साहेब ।
तुम लायक सब जोग हे ॥ १ ॥
गून बकसिहो सब भ्रम नसिहो ।
रखिहो आपन पास हे ॥ २ ॥
अछै बिरिछि तरि ले बैठैहो ।
तहवाँ धूप न छाँह हे ॥ ३ ॥
चाँद न सुरज दिवस नहिँ तहवाँ ।
नहिँ निसु होत बिहान हे ॥ ४ ॥
अमृत फल मुख चाखन दैहो ।
सेज सुगनध सुहाय हे ॥ ५ ॥

---

* निर्बल ।

जुग जुग अचल अमर पद दैहैं।
इतना अरज हमार हे ॥ ६ ॥
भौसागर दुख दारुन मिटि हैं।
छुटि जैहैं कुल परिवार हे ॥ ७ ॥
कह दरिया यह मंगल मूल।
अनूप फुलैला जहाँ फूल हे ॥ ८ ॥

(२)

अबरी के बार बकसु मोरे साहेब।
जनम जनम के चेरि हे ॥ १ ॥
चरन कँवल मैं हृदय लगाइब।
कपट कागज सब फाड़ि हे ॥ २ ॥
मैं अबला किछुओ नहिं जानौं।
परपंचन के साथ हे ॥ ३ ॥
पिया मिलन बेरी इन्ह मोरा* रोकल।
तब जिव भयल अनाथ हें ॥ ४ ॥
जब दिल में हम निहचे जानल।
सूझि परल जम फन्द हे ॥ ५ ॥
खूलल दृष्टि दिया मनि नेसलौ।
मानहु सरद के चन्द हे ॥ ६ ॥
कह दरिया दरसन सुख उपजल
दुख सुख दूरि बहाय हे ॥ ७ ॥

---

* मुझ को। † यदि यह शब्द "निकसल" का अपभ्रंश है तो उस का अर्थ "उदय होना" होगा, और जो "लेसल" है तो "बालना" या "जलाना" अर्थ होगा।

॥ संझा आरती ॥

(१)

संझा आरति समरथ की है ।
सिर पर छत्र सुगंध सही है ॥ १ ॥
नहिँ तहँ चोवा चन्दन पानी ।
अविगति जोति है अमृत बानी ॥ २ ॥
नहिँ तहँ तिलक जनेऊ माला ।
पूरन ब्रह्म अखंडित काला ॥ ३ ॥
नहिँ तहँ जाति बरन कुल कोई ।
बरसत अमृत चाखहिँ सोई ॥ ४ ॥
अजर अमर घर लेहिँ निवासा ।
नहिँ तहँ काल कुबुधि कै त्रासा ॥ ५ ॥
आवन गवन गरभ नहिँ बासा ।
कह दरिया सोइ सतगुरु दासा ॥ ६ ॥

(२)

आरति समरथ करौँ तुम्हारी ।
दीन-दयाल भक्त-हितकारी ॥ १ ॥
ज्ञान दिपक लै मन्दिर बारौँ ।
तन मन धन लै आगे वारौँ ॥ २ ॥
चित चन्दन लै रगड़ि बनावौँ ।
ब्रह्म पुहुप लै आनि चढ़ावौँ ॥ ३ ॥
अनहद धुनि गहि घंट बजावौँ ।
सब्द सिँघासन चरन मनावौँ ॥ ४ ॥

आपहिं छत्र चँवर सिर छाजै ।
कह दरिया तहँ संत बिराजै ॥ ५ ॥

(३)

सत्य पुरुष किये दाया मोहीं ।
चरन कँवल चित्त रहौं समोई ॥ १ ॥
सुख-सागर दुख मेटनहारा ।
दीन-दयालु उतारहिं पारा ॥ २ ॥
जहँ जहँ गाढ़ संतन कहँ डारा ।
समरथ बन्द छोड़ावनहारा ॥ ३ ॥
जा के डर काँपै धर्म धीरा ।
बुड़त उबारेउ दास कबीरा ॥ ४ ॥
दया-सिन्धु गुन गहिर गँभीरा ।
कह दरिया मेटे दुख पीरा ॥ ५ ॥

(४)

सुमिरहु सत पद प्रान-अधारा ।
सत्त सब्द लै उत्तरहु पारा ॥ १ ॥
गुरु के वचन पावल जब बीरा ।
अचल अमर निहचै घर धीरा ॥ २ ॥
हंसा जाय मिले करतारा ।
बहुरि न आवै एहि संसारा ॥ ३ ॥
तीनि लोक से न्यारे डेरा ।
पुरुष पुरान जहँ हंस घनेरा ॥ ४ ॥
गुरु के बचन सिष्य जो धरई ।
जाय छप* लोक नरक नहिं परई ॥ ५ ॥

* गुप्त अर्थात छिपा लोक ।

कह दरिया जब बीरा पावै।
जाय सतलोक बहुरि नहिं आवै ॥ ६ ॥

(५)

मैं कुलवन्ती खसम पियारी।
जाँचत तूँ लै दीपक बारी ॥ १ ॥
गंध सुगंध थार भरि लीन्हा।
चन्दन चर्चित आरति कीन्हा ॥ २ ॥
फूलन सेज सुगंध बिछायौं।
आपन पिया पलँग पौढ़ायौं ॥ ३ ॥
सेवत चरन रैनि गइ बीती।
प्रेम प्रीति तुमहीं सौं रीती ॥ ४ ॥
कह दरिया ऐसा चित लागा।
भई सुलछनि* प्रेम अनुरागा ॥ ५ ॥

॥ झूलना ॥

(१)

घट घट कपाट खोलिये रे।
अखंड ब्रह्म को देखना है ॥ १ ॥
देवल दरस महल मूरति।
पत्थर का पूजना पेखना है ॥ २ ॥
आतम पूजा नहिं देव दूजा।
सो जाति जनेऊ लेखना है ॥ ३ ॥
कह दरिया दिल देखि बिचारि के।
सत नाम भजो सत देखना है ॥ ४ ॥

---

* अच्छे लच्छण वाली।

प्रेम धगा* यह टूटता नाँ।
गर† टूटि कंठी फिर बाँधना क्या ॥ १ ॥
यह तत्त तिलक सत नाम छापा करु।
और बिबिधि है देखना क्या ॥ २ ॥
ज्ञान का दंड न डगमगै कर।
दंड लिये काहू मारना क्या ॥ ३ ॥
यह झूलना दरिया साहेब कहा।
सत नाम सही बहु पेखना क्या ॥ ४ ॥
(३)
दुइ सुर चालै एक भाव से।
नाभि में उलटि के आवता है ॥ १ ॥
बिच इंगला पिंगला गले तीन नाड़ी,
सुखमनि से भेद बतावता है ॥ २ ॥
उमँग करो अरु पूरो भरो।
गंधर्व लिये झरि लावता है ॥ ३ ॥
यह झूलना दरिया साहेब कहा।
कोइ जोगी जुगुत से पावता है ॥ ४ ॥
(४)
झक झक लगा झक झक लगा।
यह झरि झरोखे झाँकिया रे ॥ १ ॥
झरि झरि परा झरि झरि परा।
यह फूल गुलाब के आँखिया रे ॥ २ ॥

---
* धागा, डोरा। † गला।

पिय प्रेम चखो पिय प्रेम चखो ।
लज्जत* भला दिल राखिया रे ॥ ३ ॥
दरसे हियरे दरगाह भला ।
दरिया कहैं सत साखिया रे ॥ ४ ॥

(५)

नाफ़† तदबीर है दिल के बीच में ।
कुदरत मसजिद बनाइ दीता ॥ १ ॥
दोय बिच लाल अजब लागे ।
तहँ जोति का नूर परगट कीता ॥ २ ॥
यह चित्त के चोभ में बाँग‡ देवे ।
यह नाम नीसान नजर लीता ॥ ३ ॥
कहैं दरिया दाना दिल के बीच ।
अलफ़ अलह को याद कीता ॥ ४ ॥

॥ रेख़ता अष्ट पदी ॥

(१)

काया मैं जिव औ सिव सँग सक्ति है ।
काया में काम औ क्रोध छावै ॥ १ ॥
काया की खानि अमोल निर्बान है ।
काया नवो नाटिका§ बाट आवै ॥ २ ॥
काया पिंड प्रान तें भानु चन्दा उगै ।
काया की सुरति यह साफ घावै ॥ ३ ॥
काया में त्रिबेनी को लहरि तरंग है ।
काया में अमी सुख धार आवै ॥ ४ ॥

* स्वाद । † नाभी, ढोंढ़ी । ‡ आवाज़, शब्द । § नाड़ी ।

काया में मूल यह फूल परघट है।
काया छव चक्र दिब* दृष्टि लावै ॥ ५ ॥
काया के अग्र यह गगन गढ़ झाँकि है।
काया कोट पैठि यह घाट आवै ॥ ६ ॥
सोई सिध सोई साध संत जुग जुग जिवै।
पिवै पहिचानि सत सब्द पावै ॥ ७ ॥
कहैं दरिया सत बर्ग सत सोई है।
मरै ना जिवै ना गर्भ आवै ॥ ८ ॥

(२)

एक वह एक है टेक कोई गहै।
समझि के पाँव दे राह बाँकी ॥ १ ॥
सत्त का टोप सिर सब्द का साँगि† ले।
ज्ञान का तुरिया‡ तेज हाँकी ॥ २ ॥
काम औ क्रोध की फौज सब सोधि के।
बैठु मैदान में राखु ताकी ॥ ३ ॥
तबल नीसान यह थान§ आगे खड़ा।
जगत में सोर नहिं रही बाकी ॥ ४ ॥
संत सीपाह दिन रैन ठाढ़ा रहै।
कायागढ़ कोट में देत झाँकी ॥ ५ ॥
मन मस्त गयन्द जंजीर में दुहि रहत।
रहे ताबीन‖ सब बात वा की ॥ ६ ॥
जमीं और असमान के बीच में।
गगन में मगन धुनि किरति जा की ॥ ७ ॥

* दिव्य। † भाला। ‡ घोड़ा। § साज, ठाठ। ‖ तावे।

कहैं दरिया दिल साँचि सोभै कोई ।
सिंघ की ठवनि* करु रहमि एकी ॥ ८ ॥

(३)

ज्ञान का घोड़ला सुन्न में दौड़िया ।
सुन्न में सुरति है सब्द सारा ॥ १ ॥
काया तो कर्म है भर्म लागा रहै ।
काया के अग्र दिब दृष्टि वारा ॥ २ ॥
नूर जहूर खुसबोयां† खासा बना ।
बास सुबास में भँवर हारा ॥ ३ ॥
मुरली मगन महबूब आपै बना ।
भिँगुर भनकार तहँ बजत तूरा ॥ ४ ॥
गगन गरजत अहै बुन्द आखंडिता ।
पंडिता वेद नहिँ अंक न्यारा ॥ ५ ॥
हद्द बेहद्द यह अन्त अथाह है ।
कोई जन जुगति से जाय पारा ॥ ६ ॥
जौहरी जानिया जाहिर जा के कही ।
हीरा मनि पास है जोति सारा ॥ ७ ॥
कहैं दरिया कोइ वली मस्तान है ।
सब्द के साधि ले संत प्यारा ॥ ८ ॥

(४)

संत की चाल तूँ समझ बाँकी बड़ी ।
सुरति कमान कसि तीर मारा ॥ १ ॥
पाँचि के मेटि पच्चीस के दल मलो ।
छवो के छेदि पिउ सब्द सारा ॥ २ ॥

---

* चाल । † सुगंधि ।

साधि ले मेरुदँड बैठु ब्रह्मंड खँड ।
पवन परिचेलि* ले काम जारा ॥ ३ ॥
काल जंजाल का मनी कूताइ ले ।
जोग गहि जुगुत तुम समझ यारा ॥ ४ ॥
उलटि पवन तुम मगन करु गगन में ।
साधि ले त्रिकुटि दिब दृष्टि वारा ॥ ५ ॥
जहँ होत झनकार सत सब्द उँजियार ।
तहँ छूटि गौ तिमिर उदीत सारा ॥ ६ ॥
तहँ रोग ना सोग निर्दोष निर्बान है ।
सर्वज्ञ सब माहिँ तुम देखु यारा ॥ ७ ॥
कहै दरिया दिल पैठु दरियाव में
पावो तुम लाल अमोल प्यारा ॥ ८ ॥

(५)

नाम निर्बान तेँ कर्म कलिबिष छुटै ।
खुलै कपाट मद मोह टारा ॥१॥
काल का फाँस जो कटि कत्तल[†] किया ।
ज्ञान गुरु खड़ग ले काटि यारा ॥ २ ॥
अनुराग बैराग हिय छेद बिरह भेद ।
सत बर्ग सत नाम तुम समझु प्यारा ॥ ३ ॥
होइ आचरन सब काम करिबो छुटै ।
खुलै मुल दृष्टि पर अगम डेरा ॥ ४ ॥
काया के अग्र जहँ अगम झलकत रहै ।
झरत झरि अगम सब फहम तेरा ॥ ५ ॥

---

* जगाना । † मार डाला ।

चित्त चतुरंग जहँ जोति जगमग बरै ।
  झारि चकमाक* चित समझि हेरा ॥ ६ ॥
तहँ षोड़श प्रगास है उदित उँजियार भौ ।
  ब्रह्म भरिपूरि मुख बैन टेरा ॥ ७ ॥
कहैं दरिया तुम झारि परचारि ले ।
  होहु हुसियार नहिँ काल घेरा ॥ ८ ॥

(६)

पेड़ को पकड़ तब डार पालो मिलै ।
  डार गहि पकड़ नहिँ पेड़ यारा† ॥ १ ॥
देख दिब दृष्टि असमान मँ चन्द्र है ।
  चन्द्र की जोति अनगिनित तारा ॥ २ ॥
आदि औ अंत सब मध्य है मूल मँ ।
  मूल मँ फूल धौं केति डारा ॥ ३ ॥
नाम निर्गुन निर्लेप निर्मल बरै ।
  एक से अनंत सब जगत सारा ॥ ४ ॥
पढ़ि बेद कितेब बिस्तार बक्ता कथै ।
  हारि बेचून वह नूर न्यारा ॥ ५ ॥
निर्पंच निर्बान निःकर्म निःभर्म वह ।
  एक सर्वज्ञ सत नाम प्यारा ॥ ६ ॥
तजु मान मनी करु काम को काबु‡ यह ।
  खोजु सतगुरु भरपूर सूरा ॥ ७ ॥

---

* चकमक पत्थर जिस से आग झाड़ते हैं। † पेड़ के पकड़ने से डाल पत्ती भी मिल जायगी पर डाल के पकड़ने से पेड़ हाथ नहीं आवेगा। ‡ बस में।

असमान कै बुन्द गरकाब* हुआ ।
दरियाव की लहरि कहि बहुरि मूरा[†] ॥ ८ ॥

(७)

दंड प्रनाम कहु कौन का को करै ।
बूझु उलटि भेद आप न्यारा ॥ १ ॥
नेम आचार षट कर्म पूजा करै ।
लाइ पाखंड सब जगत जारा ॥ २ ॥
घात में नवत बक ध्यान धारे रहै ।
कपट कपाट मुख अंतर आना ॥ ३ ॥
कठिन कठोर बिकराल चंचल रहै ।
बिषै रस लीन कहु कौन ज्ञाना ॥ ४ ॥
भोग भुगते परै सोग सागर भरै ।
रोग भोग रहत बहि जात ज्ञाना ॥ ५ ॥
दृष्टि देखे बिना मुक्ति पावै नहीं ।
कठिन की खानि दुख जानि ठाना ॥ ६ ॥
अच्छर निःअच्छर है देह बिदेह में ।
जोति की झलक में दृष्टि आना ॥ ७ ॥
चन्द औ सूर दोउ जोति परघट बरै ।
दिल दरियाव बहु गहिर ज्ञाना ॥ ८ ॥

(८)

आपना ध्यान तुम आप करता नहीं ।
आपने आप में आप देखा ॥ १ ॥
आपही गगन मैं मगन है आप ही ।
आपही तिरकुटी भँवर पेखा ॥ २ ॥

---

* पानी में डूब गया । † मुड़ा ।

आपही तत्व नि:तत्व है आपही ।
आपही सुन्न में सब्द देखा ॥ ३ ॥
आपही घटा घनघोर है आपही ।
आपही बुन्द है सिन्धु लेखा ॥ ४ ॥
आपही छटा चमकि रहे आपही ।
आपही मोतिया सीप पेखा ॥ ५ ॥
आपही चन्द है सूर है आपही ।
आपही तारागन अनँत लेखा ॥ ६ ॥
आपही मनो मनियार* है आपही ।
आपही छत्र सिर आप पेखा ॥ ७ ॥
कहैं दरिया जिव दरस आपै दिखा ।
परस है प्रेम सत ज्ञान रेखा ॥ ८ ॥

(६)

निरखु सत नाम निज नाम सुपंथ है ।
दया के तखत पर बैठु भाई ॥ १ ॥
छोड़ि दो कह तुम अकह में गमि करो ॥
सुन्न में सुरति गहि नाम लाई ॥ २ ॥
देखि के तत्व नि:तत्व निर्बान है ।
रहो ठहराय सत सब्द पाई ॥ ३ ॥
अस्र बीबेक बिचारि चित चेति के ।
होइ अबोल तजु झूठ झाँई ॥ ४ ॥
काम की फौज से बान तैं दलमलो ।
रहो निर्पंच नहिँ काल खाई ॥ ५ ॥

---

* मनीवाला साँप ।

ब्रह्म का तेज यह भेद बाँका बड़ा ।
गहिर गरकाब गहि अगम गाई ॥ ६ ॥
सुरति औ निरति सब थीर थाका हुआ ।
बास सुबास रस रहत छाई ॥ ७ ॥
कहैं दरिया सत बर्ग सब माहिँ है ।
संत जन जौहरी भेद पाई ॥ ८ ॥

(१०)

घना मोती झरै जोति जगमग बरै ।
घटा घन घेरि चहुँ ओर फेरा ॥ १ ॥
बुन्द आखंड सुर चलै ब्रह्मंड के ।
काम की फौज सब घेरि टेरा ॥ २ ॥
तिरबेनी मध्य तहँ सुरति सनमुख कियो ।
सुखमना घाट को दृष्टि हेरा ॥ ३ ॥
पलक में झलक चहुँ मँदिर छबि छाइया ।
ब्रह्म पुनीत नहिँ बहुरि फेरा ॥ ४ ॥
भेद वा का बड़ा काल संका नहीं ।
ज्ञान घट खुला सब कर्म जेरा ॥ ५ ॥
ध्यान लागा रहै गगन घन गरजिया ।
कुमति कुबुद्धि ह्वै रहै चेरा ॥ ६ ॥
बैन बिचारि यह लगन लागी रहै ।
मगन सब दिन कियो गगन डेरा ॥ ७ ॥
संत सुजान जिन सब्द बोचारिया ।
कहैं दरियाव सो सदा मेरा ॥ ८ ॥

(११)

अगम गुर-ज्ञान से ब्रह्म पहिचानिया ।
बिना पहिचान क्या कथै ज्ञानी ॥ १ ॥
बिना पहिचान अनजान कहँ जाइहौ ।
बिना ठहराव कहँ ठौर ठानी ॥ २ ॥
बिना दिब्य दृष्टि यह जीव कहँ जाइहै ।
उर्द्ध धरि ध्यान मुख बिकल बानी ॥ ३ ॥
अर्द्ध अँधियार जहँ चौर चारिउ बसैं ।
बिना सत सब्द जिव होत हानी ॥ ४ ॥
बिना मगु देखि यह भेष भरमत फिरै ।
जोग नहिं जुगुति रस रोग आनी ॥ ५ ॥
खाली सब खलक है पलक मूँदे रहै ।
खुले दिब्य दृष्टि सोइ सिद्ध ज्ञानी ॥ ६ ॥
सोइ साधु भरपूर है सूर सनमुख सही ।
आप मैं आप जिन उलटि आनी ॥ ७ ॥
कहैं दरियाव सत सब्द बिनु पार नहिं ।
वार भटकत रहै मूढ़ प्रानी ॥ ८ ॥

(१२)

पुरुष अडोल वै सत्त समरथ सही ।
कुर्म* के कीन्ह यह जगत जानी ॥ १ ॥
कुर्म तें चाँद यह सूर परघट भये ।
कुर्म तें कीन्ह यह पवन पानी ॥ २ ॥
कुर्म तें सेस यह सात सागर भये ।
कुर्म तें अगिनि बाराह खानी ॥ ३ ॥

* कछुआ, कच्छप औतार ।

कुर्म तें भिन्न इक जगत-जननी* किया ।
ताहि उतपन्न भौ तीन ज्ञानी† ॥ ४ ॥
तेज‡ अब बेद जिन उदधि मथन किया ।
अमृत औ बिष सब आनि सानी ॥ ५ ॥
दिया मनमत्त यह काम तैं बसि किया ।
कुर्म तें सृष्टि भौ ब्रह्म ज्ञानी ॥ ६ ॥
आदि औ अंत यह मध्य मंडल रचा ।
ताहि साहेब को सुन्न जानी ॥ ७ ॥
कर्त्ता उठाय के धुन्ध धोखा धरे ।
कहै दरिया सुनु मूढ़ प्रानी ॥ ८ ॥

(१३)

आपने जोग से जुगुति के जानिले ।
संत की जुगुति क्या जगत जाने ॥ १ ॥
संत का बास आम खास जहँ तख्त है ।
देखि दिब दृष्टि तहँ सुरति आनै ॥ २ ॥
आँखि का मूँदना बक§ का काम है ।
पवन का साधना भाँड़ जानै ॥ ३ ॥
छोड़ि के असल यह नकल परघट करै ।
सोई मरदूद नहिँ कहा मानै ॥ ४ ॥
जम के हाथ जिव बेंचि खरची करै ।
नाहिं गुरु गम्म सतगुरु जानै ॥ ५ ॥
कहै बेचून चुगून साईं मेरा ।
सोई जिव बाँधि जिबरील‖ तानै ॥ ६ ॥

---

* माया । † ब्रह्मा, बिष्णु, महेश । ‡ तजो । § बकुला । ‖ मौत का फ़रिश्ता ।

बेद कितेब से फहम आगे करै।
जोग बैराग बिबेक आनै ॥ ७ ॥
कहैं दरिया सत सब्द परचारि कै।
सुमिरि सतनाम मैदान ठानै ॥ ८ ॥

॥ झूलना अष्ट पदी ॥

(१)

कहिँ जोगिया जुगुति से जोग करै।
कहिँ लाये कपाट गगन तारी ॥ १ ॥
कहिँ ध्यान प्रगट कै ज्ञान गावै।
कहिँ ताल मृदंग लै झाल झारी ॥ २ ॥
कहिँ झूलना झूले रेसम डोरी।
कहिँ पंच अगिनि जल बाँधि बोरी ॥ ३ ॥
कहीं कर माला तिलक देवै।
कहिँ तीरथ भरम में आपु हारी ॥ ४ ॥
कहिँ भूख मारे कहिँ प्यास टारे।
कहिँ आपने आप से तन जारी ॥ ५ ॥
बहु रंग का पेखना है रे।
यह जानि जहान में जीव हारो ॥ ६ ॥
सहज सुरति है मूल में रे।
दिब दृष्टि नहीं दिब दृष्टि टारी ॥ ७ ॥
कहैं दरिया जनि पचि मरो।
सब्द के साँगि* ले जक्त झारो ॥ ८ ॥

---

*भाला।

(२)

काया परिचै नहीं पवन कै साध करि ।
　　पवन के साधि जम बाँधि मारै ॥ १ ॥
इँगला पिँगला नौ यह नाटिका ।
　　भूख औ प्यास तजि तने जारै ॥ २ ॥
भया तन छीन बलहीन जोग जुगुति बिनु ।
　　आपने मूढ़ कहु काहि तारै ॥ ३ ॥
साँपिनी डाइनी मूसे दिन रैन यह ।
　　बिना तप तेज नहिँ समुझि पारै ॥ ४ ॥
पिंड औ प्रान कछु काम कै हैं नहीं ।
　　झूठ साखी कथै कुफुर बारै ॥ ५ ॥
चाल बेचाल चलै सील संतोष नहिँ ।
　　अवर सौं अवर कहि अवर टारै ॥ ६ ॥
छोड़ु परपंच तुम फंद काहेँ रचे ।
　　फंद जंजाल का काम सारै ॥ ७ ॥
काया के अग्र यह अगम पहिचानि ले ।
　　कहैं दरिया सत सब्द धारै ॥ ८ ॥

(३)

घट परघट पर मौन परमान है ।
　　दिब दृष्टि की बात का दूरि जानी ॥ १ ॥
धुन्ध धोखा धरे भरमि काहे मरे ।
　　निकट नीसान नहिँ फहम आनी ॥ २ ॥
दीद बर दीद परतच्छ निर्बान है ।
　　निरखु निज नाम चढ़ु गगन ज्ञानी ॥ ३ ॥

गगन की डोरि यह सुरति छूटे नहीं ।
अजब अचरज सब दरस बानी ॥ ४ ॥
दरस में परस है ज्ञान गंभीर यह ।
गहिर गरकाब रस प्रेम सानी ॥ ५ ॥
छव औ आठ का घाट बाँका मिला ।
महल मुकाम का भेद जानी ॥ ६ ॥
भेद ब्रह्म ज्ञान तें भरम परबत ढहा ।
रहा निज नाम सोइ जानु प्रानी ॥ ७ ॥
कहैं दरिया गढ़ चढ़ा गुरु ज्ञान तें ।
नाम नीसान मैदान ठानी ॥ ८ ॥

॥ बसंत ॥

(१)

कहाँ जैये हो उहाँ तिरथ तीर ।
जहाँ गंगा जमुना निकट नीर ॥ १ ॥
जहाँ निरमल जल है अमी संग ।
झरत सरसुती होत न भंग ॥ २ ॥
मंजन करि सज्जन जो होय ।
अघ पातक सब बैठे खोय ॥ ३ ॥
जहाँ लहरि उतंग है सिन्धु समाइ ।
उलटि आवे फिर पलटि जाइ ॥ ४ ॥
जहाँ चन्द सूर सब गन हैं साथ ।
ज्ञान दिपक जब आउ हाथ ॥ ५ ॥
जहाँ पाँच पचीस सँग मन है भूप ।
देवल देवी अजब रूप ॥ ६ ॥

जहाँ भूख प्यास है दया समेत ।
बोइये बीज जो मिले सुखेत ॥ ७ ॥
जहाँ सुरसरि महँ बसहिँ जीव ।
दरद बिना कहु का को पीव ॥ ८ ॥
ता की सरन कहु कैसे जाय ।
धीमर सो जिव धरि के खाय ॥ ९ ॥
सतगुरु कहा सब्द उपदेस ।
अगम निगम सब सुनु सँदेस ॥ १० ॥
सत तरनी* भवसिन्धु पार ।
दरिया दरसन गुन है सार ॥ ११ ॥

(२)

मानु सब्द जो करु बिबेक ।
अगम पुरुष जहँ रूप न रेख ॥ १ ॥
अठदल कँवल सुरति लौ लाय ।
अछपा जपि के मन समुझाय ॥ २ ॥
भँवरगुफा में उलटि जाय ।
जगमग जोति रहे छबि छाय ॥ ३ ॥
बंक नाल गहि खैंचे सूत ।
चमके बिजुली मोती बहुत ॥ ४ ॥
सेत घटा चहुँ ओर घनघोर ।
अजरा जहवाँ होय अँजोर ॥ ५ ॥
अमिय कँवल निज करो बिचार ।
चुवत बुन्द जहँ अमृत धार ॥ ६ ॥

---

* नाव ।

छव चक्र खोजि करो निवास ।
मूल चक्र जहँ जिव को बास ॥ ७ ॥
काया खोजि जोगी भुलान ।
काया बाहर पद निर्बान ॥ ८ ॥
सतगुरु सब्द जो करे खोज ।
कहैं दरिया तब पूरन जोग ॥ ९ ॥

(३)

सुख सागर जियरा करु अनन्द ।
प्रेम मगन खेलु तजि दुंद ॥ १ ॥
छुटिगो तिमिर उद्दीत भान ।
सेत मँडल बिच सोह निसान ॥ २ ॥
गगन गर्जि झरि होत तरंग ।
सींचत गुलाब सीतल भो अंग ॥ ३ ॥
बिगसित कुमुदिनि उदित चन्द ।
भूल भँवर तहँ खुली तरंग ॥ ४ ॥
गगन मँडल बिच भयो है बास ।
सींचत चकोर तहँ चुगूँ सुबास ॥ ५ ॥
अकह कँवल के उपर मूल ।
सहज कँवल जहवाँ रहु फूल ॥ ६ ॥
झरि झरि परत सुरँग रँग फूल ।
प्रेम अगम गम हो समतूल ॥ ७ ॥
भे निर्मल पावो सब्द सार ।
संत सरन गहि होहु पार ॥ ८ ॥

अजर अमर पुर भयो बास ।
कहँ दरिया मेटी जम त्रास ॥ ९ ॥

(४)

खेलहिं बसंत सब संत समाज ।
बिनु किन्नर धुनि बाजन बाज ॥ १ ॥
बिनु तुरंग जहँ जोतहिं रंथ* ।
बिनु पग चलहिं सो अगम पंथ ॥ २ ॥
बिनु दीपक जहँ बरै जोति ।
बिनु सोपन के मोती होति ॥ ३ ॥
बिनु फूलन जहँ गुथहिं हार ।
बिनु मुख होहिं सो मँगलचार ॥ ४ ॥
बिनु सखियन जहँ गावहिं गीत ।
निर्गुन नाद से करहिं प्रीत ॥ ५ ॥
बिनु आसा जहँ अधर बास ।
बिनु परिमल जहँ आउ सुबास ॥ ६ ॥
बिनु झालरि जहँ सेत निसान ।
बिना घटों† घन झरै अमान ॥ ७ ॥
बिनु बिद्या जहँ भनहिं बेद ।
है कोइ पंडित करे निषेद ॥ ८ ॥
कहँ दरिया यह अगम ज्ञान ।
समुझि बिचारैं संत सुजान ॥ ९ ॥

(५)

कोइ बसंत खेलहिं हंसराज ।
जहाँ नभ कौतुक सुर समाज ॥ १ ॥

---

* रथ । † घटा, बादलों की घेर घार ।

अछै बिरिछ तहाँ द्रुम पात ।
साखा सघन घन लपटि जात ॥ २ ॥
मधुर मनोहर राग रंग ।
अनहद धुनि नहिँ ताल भंग ॥ ३ ॥
बेलि चमेली बिबिधि फूल ।
सोधा अग्र गुलाब मूल ॥ ४ ॥
भँवर कँवल मैं भाव भोग ।
पदुम पदारथ करिये जोग ॥ ५ ॥
बुन्द अखंडित बरखु नीर ।
गगन गरजि घन बाजु तूर ॥ ६ ॥
चमक छटा चहुँ ओर जोर ।
झींगुर को झनकार सोर ॥ ७ ॥
दिवस दिवाकर रैनि चन्द ।
कला संपूरन होत न मंद ॥ ८ ॥
उरगन* मनि तहँ दृष्टि पेखु ।
आदि अंत मध मूल देखु ॥ ९ ॥
उदित उजागर हंस सार ।
नहिँ दुख दारुन भव के पार ॥ १० ॥
मुक्ति महातम सतगुरु मंत ।
दरिया दर्सन मिलिहै कंत ॥ ११ ॥

(६)

सुमिरहु निर्गुन अजर नाम, सब बिधि पूजे सुफल काम ॥१॥
निर्गुन नाह† से करहु प्रीति, लेहु कायागढ़ काम जीति ॥२॥

---

* तारा। † पति।

अनक मूल है सब्द सार, चहुँ ओर दीसै रँग करार ॥३॥
झरत झरी तहँ झमकै नूर, चितचकमक गहि बाज तूर ॥४॥
झलकत पदुम गगन उँजियार, दिब्य दृष्टिगहु मकर तार ॥५॥
द्वादस इंड़ा पिंगला जाय, परिमल बास अग्र सो पाय ॥६॥
बंक कँवल मध हीरा अमान, सेत बरन भौंरा तहँ जान ॥७॥
खोजहु सतगुरु लख निसान, जुक्ति जानि जिन कथहिं ज्ञान ॥८॥
कहैं दरिया यह अकह मूल, आवा गवन के मिटे सूल ॥९॥

(७)

मैं जानहुं तुम दीन-दयाल ।
तुम सुमिरे नहिं तपत काल ॥ १ ॥
ज्यौं जननी प्रतिपाले सूत* ।
गर्भ बास जिन दियो अकूत ॥ २ ॥
जठर अगिनि तें लियो है काढ़ि ।
ऐसो वा की ठवर गाढ़ि ॥ ३ ॥
गाढ़े जो जन सुमिरन कीन्ह ।
परघट जग में तेहि गति दीन्ह ॥ ४ ॥
गरबी मारेउ गैब बान ।
संत को राखेउ जीव जान ॥ ५ ॥
जल में कुमुदिनि इन्दु† अकास ।
प्रेम सदा गुरु चरन पास ॥ ६ ॥
जैसे चापहा जल से नेह ।
बुन्द एक बिस्वास तेह ॥ ७ ॥
स्वर्ग पताल मृत मंडल तान ।
तुम ऐसा साहेब मैं अधान ॥ ८ ॥

---

*पुत्र । †चन्द्रमा ।

जानि आयो तुम चरन पास ।
निज मुख बोलेउ कहेउ दास ॥ ९ ॥
सत पुरुष बचन नहिँ होहिँ आन ।
बलु पुरब से पच्छिम उगहिँ भान ॥ १० ॥
कहैँ दरिया तुम हमहिँ एक ।
ज्योँ हारिल की लकड़ी टेक* ॥ ११ ॥

॥ होली ॥

(१)

होरी सद् संत समाज संतन गाइया ॥ टेक ॥
बाजा उमँग झाल झनकारा, अनहद धुन घहराइया ।
झरि झरि परत सुरंग रंग तहँ, कौतुक नभ मेँ छाइया ॥ १ ॥
राग रुबाब अघोर तान तहँ, झिनझिन जंतर लाइया ।
छवो राग छत्तीस रागिनी, गंधर्ब सुर सब गाइया ॥ २ ॥
पाँच पचीस भवन मेँ नाचहिँ, भर्म अबीर उड़ाइया ।
कहैँ दरिया चित चन्दन चर्चित, सुन्दर सुभग सोहाइया ॥३॥

(२)

होरी खेलत संत, नाम सुगंध बसाइया ॥ टेक ॥
उनमुनि की पिचुकारी केसरि, भरि छिरकत प्रेम सो पाइया ।
बरखेउ सुमन सुगँध चहुँ ओरा, गगन मेँ मगन सोहाइया ॥१॥
त्रिकुटी के तट रास रचो है, सुर सुन सखि सब धाइया ।
अगर गुलाल कुमकुमा केसरि, चोवा चर्चित लाइया ॥२॥
मंदिर मगन मनोरथ मन के, बाजत मुरली छाइया ।
कहैँ दरिया कँवल दल फूलेउ, भँवरा बास लोभाइया ॥३॥

* हारिल चिड़िया बिना चंगुल मेँ लकड़ी पकड़े ज़मीन पर नहीं उतरती ।

(३)

संतो निरमल ज्ञान विचारि, होरी खेलिये हो ॥ टेक ॥
कँवल उजारि अनल विच रोपेउ, प्रेम सुधा रस डारि।
कंचन डाहु* अगम जल भीतर, सकल भरम सब जारि ॥१॥
कोकिल ध्यान धरे सरिता महँ, जल मैं दीपक बारि।
मीन सिखर इस्थिर घर पायेउ, संसै सकल विसारि ॥२॥
बासर चन्दा रैनि भानु छबि, देखहु दृष्टि उघारि।
धरती बर्षि गगन बढ़ि आनेउ, पर्बत फूटि पनारि ॥ ३ ॥
अर्ध सीप सम्पुट खोलि बैठे, लागि मोतिन की लारि†।
कहँ दरिया एह अगम भेद है, बूझहु संत सम्हारि ॥ ४ ॥

(४)

यह होरी को दाव गाव सुख रंग है ॥ टेक ॥
मन मथुरा है तन बृन्दाबन, पाँच सखी सब संग है।
अनहद तान पखाउज बाजत, तार कबहुँ नहिँ भंग है ॥१॥
राधे राग रुबाब उघर लिये, कान्ह किंगरि मुरचंग है।
गोपी ज्ञान घार लिये पिरकति, सुचि सुगंध भरि अंग है ॥२॥
जल जमुना है त्रिकुटी के तट, ऊठत लहरि तरंग है।
कहँ दरिया सो हंस गुन राजित, कोकिल बैन सोहंग है ॥३॥

(५)

हो ललना, कोइ संत बिबेकी रन मँड़े ॥ टेक ॥
ज्ञान घोड़ा चढ़ि चित करु चाबुक, लव लगाम दे जानि।
सब्द साँगि समसेर जो लीजे, तब चढ़िये मैदान ॥ १ ॥

---

* तपाओ। † लड़ी।

प्रेम प्रीत के बखतर पहिरो, सुरति के करहु कमान।
एक तीर मारेउ तरकस के, बिचलेउ पाँचो ज्वान ॥२॥
सतगुरु के तहँ अमल फिरतु हैं, जीति के लियो है निसान।
कहैं दरिया कोइ संत हजूरी, जाके रहत है खेत निदान ॥३॥

(६)

होरी खेलिये संतो, चलहु अमरपुर धाम ॥ टेक ॥
काया महल मैं जोति बिराजै, सोइ सुन्दर सुख धाम।
जोगी जोग करत सब हारेउ, चीन्हि परेउ नहिँ ग्राम ॥१॥
पंडित जप तप ध्यान लगावैं, त्रय संझा इक जाम।
पाँच तरुनिया संग बसतु हैं, देहिँ चौगुनो दाम ॥२॥
जोग करैं फिरि भोग मैं ब्यापैं, बड़े बीर हैं काम।
कहै दरिया झरि लागि गुलाब की, काया अग्र निज नाम ॥३॥

(७)

कोइ हंसा चतुर सुजान होरी खेलहीं ॥ टेक ॥
अगर कुमकुमा नाम सुबासित, प्रेम भक्ति निज सार।
सेत बरन सिर छत्र बिराजै, बाजत अनहद तार ॥१॥
परिमल बास प्रेम रँग छिरकैं, कामिनि कर लिये छाज।
कोटि कामिनि जाके चवर डोलावहिँ, बैठे हंसा राज ॥२॥
एक रूप सब हंस बिराजहिँ, बरन कवन बिधि साज।
धनि धनि फाग खेलि यह दरिया, तेजि सकल भ्रम लाज ॥३॥

(८)

जहाँ खेलत राजा मन होरी ॥ टेक ॥
सक्ति रूप सोभा छबि छायेउ, रेसम फुँदना है डोरी।
भाँति भाँति को चित्र रचो है, ता बिच सुन्दरि है गोरी ॥१॥

घेरि पकड़ि के पलँग चढ़ायेउ, सिवसँग सक्ती है जोरी।
कहैं दरिया सुर नर मुनि नाचेउ, बिरला बाचेउ रँग बोरी॥२॥

(९)

खेलु खेलु फाग संतन संगे, निज गहि ले रंग करार ॥टेक॥
अगर गुलाल कुमकुमा केसरि, सुमति लेहु भरि थार।
उनमुनि द्वार गगन भरि लागी, बाजत अनहद तार ॥१॥
जाके नाम छत्र सिर धारी, चन्दन चर्चि बिचार।
काया करम नाम निज केसरि, तरत न लागेउ बार ॥२॥
पाँच सोहागिनि पायन परिलीं, निर्गुन नाम अधार।
घूँघुट खोलि लाज बिसरावो, कहैं दरिया होइ पार ॥३॥

(१०)

सतसँग में खेलत होरी ॥ टेक ॥
मन बृज इक तन बृन्दाबन में, रँग को धूम मचोरी।
पाँच पचीस सखी सब ग्वालिनि, तेहि सँग रास रचोरी,
करैं परपंच न थोरी ॥ १ ॥
चंचल चपल चतुर बृज नायक, नट इव नाच करोरी।
निकट रहै फिर दूरि दिखावै, मैन मजीठ रँग घोरी,
करै घट भीतर चोरी ॥ २ ॥
त्रिकुटि जमुन तट केलि करैं वे, से धरि झकझोरी।
केता बरजौं बरजि नहिँ मानै, बरबस बहियाँ मरोरी,
कहै सब से बरजोरी ॥ ३ ॥
ज्ञान को राग रुबाब ध्यान धरि, सुरति निरति इकठौरी।
भँवरगुफा के कुंज गलिन में, प्रेम धगा जनि तोरी,
सखी धन जीवन थोरी ॥ ४ ॥

छिरकत अगर गुलाल कुमकुमा, नाम केसर रँग घोरी।
उनमुनि की पिचुकार बनी है, सतगुरु रंग चभोरी,
भली हैँ सोहागिनि गोरी ॥ ५ ॥
बर चरचा सतसंगत मेँ, मन मानस ब्याह करोरी ।
दरिया साहेब अमर पति दूलह, गवने के दिन थोरो,
चलो किन देखन बोरी ॥ ६ ॥

॥ मलार ॥

(१)

हरि जन प्रेम जुगुति ललचाना ।
सतगुरु सब्द हिये जब दीसे, सेत धुजा फहराना ॥ १ ॥
हृदे कँवल अनुराग उठे जब, गरजि घुमरि घहराना ।
अमृत ब्रुन्द बिमल तहँ झलके, रिमि झिमि सघन सोहाना २
बिगसित कँवल सहसदल तहवाँ, मन मधुकर लपटाना ।
बिलगि बिहरि फिर रहत एकरस, गगन मधे ठहराना ॥३॥
उछरत सिन्धु असंख तरँग लहि, लहरि अनेक समाना ।
लाल जवाहिर मोती ता में, किमि करि करत बखाना ॥४॥
बिबरन बिलगि हंस गुन राजित, मानसरोवर जाना ।
मंजन मैलि भई तन निर्मल, बहुरि न मैल समाना ॥ ५ ॥
एक से अनँत अनँत से एक है, एक में अनँत समाना ।
कहैं दरिया दिल चसमाँ करिले, रतन झरोखे जाना ॥६॥

(२)

जा के हिये गगन झरि लागी ।
बिना घटा घन बारिसन लागी, सुरति सुखमना जागी ॥१॥

अजपा जाप जपै निस वासर, रहै जगत से बागी* ।
मूल अकह में गम्मि बिचारै, सोई सदा जन भागी ॥२॥
अठदल कँवल झरोखा तहवाँ, नाम बिमल रस पागी ।
तिल भरि चौको दना[†] दरवाजा, ताहि खोजु बैरागी ॥३॥
जोरे जारे सब्द बनावै, राग गावै सो रागी ।
अलख लखै कोइ पलक बिचारै, साई संत अनुरागी ॥४॥
थकित भये मन गोस कबित्तन, भौ विषया के तयागी ।
सब्द सजोवन पारस परसेउ, सीतल भो तन आगी ॥ ५ ॥
इत उत कहे काम नहिँ आवै, सारहिँ लेवै माँगी ।
कहैँ दरिया सतगुरु की महिमा, मैंटे करम के दागी ॥६॥

(३)

अमर पति प्रीतम काहे न आवो ।
तुम सत बर्ग हौ सदा सुहावन, किमि नहिँ उर गहि लावौँ १
बरषा बिबिधि प्रकार पवन अति, गरजि घुमरि घहरावो।
बुन्द अखंडित मंडित महिपर, छटा चमकि चहुं जावो ॥२॥
झींगुर झनकि झनकि झनकारहिँ, बान बिरह उर लावो ।
दादुर मोर सोर सघन बन, पिया बिनु कछु न सोहावो॥३॥
सरिता उमड़ि घुमड़ि जल छावो, लघु दिर्घ सब बढ़ियावे।
थाके पंथ पथिक नहिँ आवत, नैनन मैँ झरि लावोँ ॥४॥
केहि पूछौँ पछितावत दिल मेँ, जो पर होइ उड़ि धावौँ ।
जो पिया मिलैँ तो मिलौँ प्रेम भरि, अमि भाजन[‡] भरि लावौँ ५
है बिस्वास आस दिल मेरं, फेरि द्रुग दर्सन पावौँ ।
कहैँ दरिया धन भाग सोहागिनि, चरन कँवल लपटावौँ ६

---

* ख़िलाफ़ । † दाना के बराबर । ‡ बरतन ।

॥ बिहागरा ॥

(१)

बिहंगम कौन दिसा उड़ि जैहै।
नाम बिहूना सो पर हीना, भरमि भरमि भौ रहि है ॥१॥
गुरु निन्दक वद* संत के द्रोही, निन्दै जनम गंवैहै।
पर दारा† परसंग परस्पर, कहहु कौन गुन लहिहौ ॥२॥
मद पी माति मदन तन ब्यापेउ, अमृत तजि बिष खैहै।
समुझहु नहिँ वा दिन की बातैँ, पल पल घात लगैहै ॥३॥
चरन कँवल बिनु सो नर बूड़ेउ, उभि चुभि थाह न पैहै।
कहैँ दरिया सत नाम भजन बिनु, रोइ रोइ जनम गँवैहै ॥४॥

(२)

हंसा कोइ सतगुरु गमि पावै।
तेजे मान पिवै ममता को, तब छप लोक सिधावै ॥ १ ॥
उजल दसा निसु बासर दीसै, सीस पदुम झलकावै।
राव रंक सब इक-सम जाने, सत्त प्रगट गुन गावै ॥२॥
अति सुख सागर सरग नरक नहिँ, दुर्मति दूरि बहावै।
आड़ न अटक भटक नहिँ कबहीं, घट फूटे मिलि जावै ॥३॥
बरन बिबेक भेद नहिँ जाने, अबरन सबै मिलावै।
जहँ देखे तहँ दर्सित चन्दा, फनिमनि जोति बरावै ॥४॥
रमै जगत मेँ ज्यौँ जल पुरइनि, यहि बिधि लेप न लावै।
जल के पार कँवल बिगसाना, मधुकर प्रान लुभावै ॥५॥
जा से मिलना अब मिलि रहिये, बिछुरत दूरि दिखावै।
कहैँ दरिया दरपन को मुरचा, सिकल किये बनि आवै ॥६॥

---

* कहलाते हैँ। † पर स्त्री।

(३)

बुध जन चलहु अगम पथ भारी ।
तुम तेँ कहौँ समुझ जो आवै, अवरि के* वार सम्हारी ॥१॥
काँट कूस पाहन नहिँ तहवाँ, नाहिँ बिटप† बन झारी ।
बेद कितेब पंडित नहिँ तहवाँ, बिनु मसि अंक सँवारी ॥२॥
नहिँ तहँ सरिता समुँद न गंगा, ज्ञान के गमि उँजियारी ।
नहिँ तहँ गनपति फनपति ज्ञाना, नहिँ तहं सृष्टि सँवारी ॥३॥
सर्ग पताल मृत लोक के बाहर, तहवाँ पुरुष भुवारी‡ ।
कहैँ दरिया तहँ दर्सन सत है, संतन लेहु बिचारी ॥४॥

(४)

अवधू सब्दहिँ करो बिचारा ।
सो पद गहो सरन रहो इस्थिर, पारब्रह्म तेँ न्यारा ॥ १ ॥
पारब्रह्म वारे यह लटका, अचुता§ में चुत लूटा ।
अबिनासी बिनसत हम देखा, अचल नहीँ चलि फूटा ॥२॥
विद्री कहै बिधो तेहिँ लूटा, और जहाँ लक पीया ।
नाथि नाथि के कैद किया है, इन्द्र महेसहिँ खोया ॥३॥
बड़ बड़ गिद्ध पकड़ि के बाँधा, किमि करि पर फहरावो ।
चूँगत चारा जमीँ पर रहेऊ, उड़े कहाँ तुम धावो ॥ ४ ॥
एक सरन सतगुरु के जानो, सो तुम किमि करि जावै ।
पलीपार यह रहट लगा है, इक बूड़े इक आवै ॥ ५ ॥
सतगुरु सब्द साधि जब आवै, वार पार तेँ भीना ।
कह दरिया कोइ संत बिबेकी, नीछ गयो परमीना ॥ ६ ॥

---

* अब की । † पेड़ । ‡ भुवार=राजा, भवारी=स्थित । दूसरी लिपि मे "भवारी" है । § स्थिर ।

(५)

अवधू सो जोगी गुरु मेरा, जो येह पद का करै निबेरा ॥ टेक
सुरति निरति मैं प्रेम मगन भो, अगम अगाधि अपारा ।
अजरा जोति अमरपुर गाँऊ, समुझि न कवहु बिचारा ॥१॥
बिगसित बारिज* बानो निकसो, भवन दिपक उँजियारा ।
अझर झरै अमी रस वाको, कंचन कलस सँवारा ॥२॥
मंडल सेत धुजा सिर सोभै, सहस कँवल दल फूला ।
सेत बरन भँवरा इक बैठल, असंख सुरज इक मूला ॥३॥
चाँद सुरज की गमि नहिँ तहवाँ, को करि सकै बखाना ।
सत साहेब दरिया दिल देखो, सुमिरहु पद निर्बाना ॥४॥

(६)

अवधू कहे सुने का होई ।
जो कोइ सब्द अनाहद बूझै, गुर ज्ञानी है सोई ॥१॥
थाके बाट चलत ना थाके, थाके मुनिवर लोई ।
प्यास वाला के मिलै न पानी, अनप्यासे जल बोहो† ॥२॥
पहिले बीज फूल फल लागा, फुल देखि बीज नसाई ।
जहाँ बास तहँ भौंरा नाहीं, अनबासे लपटाई ॥३॥
जहाँ गगन तहँ तारा नाहीं, चन्द सूर का मेला ।
जहाँ सुरज तहँ पवन न पानी, येहि बिधि अविगति खेला ॥४॥
जब सरूप तब रूप न देखे, जहाँ छाँह तहँ धूपा ।
बिनु जल नदिया माँछ बियानी, इक बकता इक चूपा ॥५॥

---

* कमल । † बोर देना ।

बृच्छ एक तैंतिस तन लागा, अमृत फल बिनु पीया ।
कहैं दरिया कोइ संत बिबेकी, मूवत उठि कै जीया ॥६॥

(७)

साधो सतगुरु काको कहिये ।
बूझि बिचारि चढ़ो नर प्रानी, भौसागर नहिँ बहिये ॥१॥
की कोइ ज्ञानी ज्ञाता कहिये, की हरि पद अनुरागी ।
वेद पढ़ा कोइ भेद में राता, की माया के त्यागी ॥ २ ॥
की कोइ जोगी जुगुति से जागे, भोग भसम करि दावै ।
की नित नेउरो* नेम करे, की प्रीति पवन में लावै ॥ ३ ॥
की धूम्र† पान पावता नीके, मौनी मगन अकासा ।
दया धर्म करि तिरथ बरत में, त्यागे भूख पियासा ॥४॥
लावे भभूत जटा सिर राखै, काम क्रोध बिसरावै ।
जंगम जोगी सेवड़ा कहिये, की बहु घंट बजावै ॥ ५ ॥
गृहे‡ तेजि सवै बनखंडे, कंदमुल करै अहारा ।
दंड कमंडल फिरै उदासी, करमे बहु बिस्तारा ॥६॥
की ब्रह्मचारी ब्रह्म बिचारै, की बहु करै अचारा ।
की ब्रह्म ज्ञान हूै मथुना मथन करै, खाद अखाद सँवारा ॥७॥
की निरगुन सरगुन सबर्ग मत§, की कोई बैरागी ।
ताल मृदंग सब्द बहु गावै, की रसना रस पागी ॥ ८ ॥

---

* योग की एक क्रिया का नाम । † धुआँ । ‡ घर । § सब मतों को एक कर मानने वाला ।

इन में नाहीं करम कमाते, भरम करम घट छावै ।
जा के रूप न जा के रेखा, ता के गुन सब गावै ॥ ९ ॥
यह सब भेष अलेख मता है, बहु परिपंच सुनावै ।
जैसे दरपन दरस न देखे, प्रतिमा दृष्टि लगावै ॥१०॥
सतगुरु सो सत सब्द सनेही, निगम नेति ना गावै ।
कहैं दरिया दर सब तें न्यारा, जो कोइ भेद बतावै ॥११॥

(८)

साधो सतगुरु कहँ उपकारा ।
जामें आड़ अटक ना कबहीं, उग्र ज्ञान है सारा ॥१॥
सिकली बिना साफ ना होवे, चकमक चित गहि झारा ।
जगमग जोति बरै जहँ निर्मल, पुरुष इनहिँ तँ न्यारा ॥२॥
कागा कछिया हंस होत हैं, तेजे बुद्धि बिकारा ।
बिना हुकुम पग कतहुं न धारै, उतरै भवजल पारा ॥ ३ ॥
जा की छबि येहि छाइ जगत में, देखो सुरज अकारा ।
निगुन सगुन तें न्यारा कहिये, खासा खसम तुम्हारा ॥४॥
केते ज्ञानी ज्ञान कथत हैं, जोगिन्ह जुगुति सम्हारा ।
हाड़ चाम रुधिर की मोटरी, ता में है करतारा ॥५॥
करै बिबेक बिचार जो आवै, मनका सकल पसारा ।
कहैं दरिया दर खोजहु प्रानी, कहि दिन्ह बारम्बारा ॥६॥

॥ झूलना ॥

(१)

मुक्ति के हींडोलना, झूलहिँ बिबेक बिचार ॥ टेक ॥
सत सुकृत दोउ खंभ गाड़े, सुरति डोरि लगाय ।
प्रेम पटरी बैठि के, यह झुलहिँ संत समाय ॥ १ ॥
इँगल पिँगला सुखमना, जहँ चलै पवन सुधारि ।
अर्ध उर्ध आवैं दुवादस, चरन चित्त सम्हारि ॥२॥
जहँ जलद* झलकित पुहुप बिगसित, भँवर बास समाय ।
तहँ मोह माया निकट नाहीं, अग्र घ्रान रहु छाय ॥३॥
फूहि झमझम झरत निरगुन, रहो गगन समाय ।
तहँ मनी मुक्ता निरखु निर्मल, प्रेम पंथ अपार ॥४॥
तहँ रह अकह कह अकथ कथ है, कहे को पतियाय ।
तहँ झूलहीं जन प्रेम बसि होय, अवा गमन नसाय ॥५॥
छोड़िहैं सब भर्म कर्महिँ, नाम निस्चै पाय ।
अचल पद कहँ लागिहैं सब, सकल भर्म मिटाय ॥६॥
सुमिरत बेद पुरान पंडित, पुजा करम बखानि ।
भर्म कर्म लै झुलन लागे, अंत बिगुरचन हानि ॥७॥
आदि अंत औ मध्य मंडल, झुलहिँ मुनी महेस ।
कहैं दरिया सत्त महिमा, ज्ञान गुरु उपदेस ॥८॥

(२)

सत्त सुकृत दुनौं खंभा हो, सुखमनि लागलि डोरि ।
अरध उरध दुनौं मचवा† हो, इँगला पिँगला झकझोरि ॥१॥

---

* बादल । † मचिया या खटोला जिस पर बैठ कर हिँडोला झूलते हैं ।

कौन सखी सुख बिलसै हो, कौन सखी दुख साथ ।
कौन सखिया सोहागिनि हो, कौन कमल गहि हाथ ॥२॥
सत्त सनेह सुख बिलसैं हो, कपट करम दुख साथ ।
पिया-मुख सखिया सोहागिनि हो, राधे कमल गहि हाथ ॥३॥
कौन झुलावै कौन झूलहिँ हो, कौन बैठलि बाट ।
कौन पुरुष नहिँ झूलहिँ हो, कौन रोकै बाट ॥४॥
मन रे झुलावै जिव झूलहिँ हो, सक्ति बैठलि खाट ।
सत्त पुरुष नहिँ झूलहिँ हो, कुमति रोकै बाट ॥५॥
सुर नर मुनि सब झूलहिँ हो, झूलहिँ तीनि देव ।
गनपति फनपति झूलहिँ हो, जोगि जती सुकदेव ॥६॥
जिया जंतु सब झूलहिँ हो, झूलहिँ आदि गनेस ।
कल्प कोटि लै झूलहिँ हो, कोइ कहै न सँदेस ॥७॥
सत्त सब्द जिन पावल हो, भयो निर्मल दास ।
कहैं दरिया दर देखिये हो, जाय पुरुष के पास ।८।

॥ फुटकर शब्द ॥

(१)

संतो ऐसा ज्ञान सुधारा ।
प्रीतम प्रेम सुधा रस बानी, कहिये कथा पसारा ॥१॥
ज्यौं मकरी मुँह तार लगावे, सुरति बाँधि महि सीरा* ।
आवत जात देखा पल माहीं, कनक पत्र पर हीरा ॥२॥

---

* ऊँचे पर ।

है तो सेत फटिक निर्बाना, उनमुनि दीसै तारा ।
सेत घटा घन मोती झलके, बिनु दिपक उँजियारा ॥३॥
अहै अकह कहिबे को नाहीं, यह कहि कथा पसारा ।
कहैं दरिया गुरु ज्ञान पलीता, चकमक चित गहि झारा ॥४॥

(२)

संतो गत में अनहद बाजे ।
झंझकार औ झनक झनक है, येहि मन्दिर में छाजे ॥१॥
जल के मंजन पवन जो कहिये, पवन के मंजन करता ।
मन के मंजन ज्ञान जो कहिये, सो मन जग में बरता ॥२॥
ज्ञान होइ तो मन को चिन्है, ज्ञान बिना मन करता ।
साढ़े तीन* में बुद्धि भुलानी, वो अविगत नहिं मरता ॥३॥
काया नरम नरक की खानी, सो घट थापे जोगी ।
जोग करै फिर भोग में आवै, राज भया फिर रोगी ॥४॥
झरि झरि परै जमीं नहिं आवै, चहुँ दिसि अम्बर लागा ।
अविगत बुंद अखंडित बरसै, पंडित वेदहिं तयागा ॥५॥
जिव के गुरू जीव जो कीन्हा, जीव बिना नहिं मुक्ता ।
कहैं दरिया तब अटल राज भो, बहुरि न भव में भुक्ता ॥६॥

(३)

साधो निस दिन नौबति बाजै ।
गगन मँडल जहँ तखत अनूठा, आम खास में छाजे ॥१॥
बादसाह वै अछे दुलह हैं, दुलहिनि के मन भावैं ।
वा बर छोड़ि दुजा नहिं बरिहौं, मेरी महल जो आवै ॥२
बेली चमेली सेहरा सिर पर, अग्र छत्र छबि छाजे ।
जगमग जगमग मोती झलकै, मनि मानिक तहँ गाजे ॥३॥

---

* शरीर जो साढ़े तीन हाथ का होता है ।

ब्रह्मा बिस्नु महेसर दर पर, नारद बेनु बजावै ।
पीर औलिया कैसे गिनिये, बेद कितेब सुनावै ॥२॥
कोटि देबि जाके चेरो चात्रक*, सोहं चँवर डोलावै ।
मन सफदार खड़े कर जोरे, दरस दादनो पावै ॥५॥
सदा अमर मरे नहिँ कबहीं, जीवन जिन्द कहावै ।
कहैं दरिया वे वाहा† सोई, सिफत कौन गुन गावै ॥६॥

(४)

साधो सुनि लीजै साहु सोइ होता,
जो पूरा तौलि रहै मन माता ॥ टेक ॥
उनमुनी की डंडी कीजे,
तिरबेनी की तानी ।
इक मन पँच सेर तौलन लागे,
ज्ञान की रासि लदानी ॥ १ ॥
गगन मँडल बिच रचो चौतरा,
भँवरगुफा के घाटे ।
अजपा जाप जहाँ है दूलह‡,
बिकूरी लाव वोहि हाटे ॥ २ ॥
आँखि मूँदि आँधर जिनि होवो,
चोर माल ले जाई ।
चकमक झारि दिपक तहँ बारो,
चेतन रहो घर माईं ॥ ३ ॥

* मुँह जोहने वाले। यहाँ "चाकर" शब्द ठीक बैठता है पर लिपि में "चातृक" है। † दरिया साहेब का मूल मंत्र। ‡ यहाँ "दौलत" का शब्द ज़ियादा अच्छा होता ह।

सौदा सुलफ करो बहु भाँति,
जा तें साहु न डंडे ।
कहैं दरिया सुन बोधी बनियाँ,
कबहुँ न करो पखंडे ।

(५)

कोइ संत बिबेकी सब्द बिचारा, प्रेम पिये सो प्यारा ॥
अर्ध उर्ध के मद्धे मानिक, करै दृष्टि उँजियारा ।
बंक नाल नाभी के कहिये, भँवर गुफा के राह सुधारा ॥१॥
खेचरि भूचरि तजे अगोचरि, उनमुनि मुद्रा धारा ।
सरिता तीनि मिले इक संगम, सूभर भरि भरि सारा ॥२॥
अनहद ताल पखाउज किन्नर*, सोता सुमति बिचारा ।
भिनभिन जंतर निस दिन बाजे, जम जालिम पचिहारा ॥३॥
सोवत जागत ऊठत बैठत, टुक बिहीन नहिं तारा ।
कहैं दरिया कोइ संत बिबेकी, निरभै लोक सिधारा ॥४॥

(६)

जन कोइ आनँद मंगल गावै ॥ टेक ॥
थिरकत† फिरै भवन के भीतर, पदुम पदारथ पावै ।
मैन मजीठ‡ मैल सब छूटा, घटा चमक घन छावै ॥१॥
रोमरोम जाके पद परगासित, बिहरि बिहँसि मिलि जावै ।
भूमि बीरानी भर्म न राखै, पग नाहीं अरुझावै§ ॥२॥
बीज बोवै नहिं पेड़ पुरातम, फल फुल सबहिं मिटावै ।
तुरिया तत्त उड़ा बिनु ताजन‖, इहि बिधि तर्क बतावै॥३॥

---

* इन्द्र की सभा के गवैये । † नाचता । ‡ गहिरा लाल रंग जो कभी छूटता नहीं । § यह संसार ऊसर ज़मीन के समान है इस में भम बस कोई पाँव न अटकावै । ‖ कोड़ा ।

मिला डगर चढ़ा बिनु डोरी, डगमग कबहुँ न आवै ।
पियतहिं मुक्त भया मुक्ताहल, मनि दृग अंजन लावै ॥४॥
पिया प्रेम हुआ मस्त दिवाना, गूँगा सैन बतावै ।
कहैं दरिया धन धन वे सतगुरु, बहुरि न भौजल आवै ॥५॥

(७)

संतो एहू अमर घर जैये ।
तन मन वारि चढ़ो सर जा से, सोइ फल अमृत पैये ॥१॥
काम क्रोध मद लोभ तिरिस्ना, यह सब मेलि लहैये ।
नारी पुरुष स्वाद बिसरावो, सतगुरु सब्द समैये ॥२॥
बंक नाल उलटि अजपा के, गगन गुफा घर छैये ।
अर्ध उर्ध औ सोहं सूरति, दिब्य दृष्टि गहि लैये ॥३॥
सेत घटा घन मोती झरि हैं, निरमल जोति समैये ।
पूरन ब्रह्म पुनीत उदित भौ, बहुरि न भवजल अैये ॥४॥
तहँ सुखराज बिलास पुहुप पर, अमृत चाखन पैये ।
कहैं दरिया दाया सतगुरु के, पास पुरुष के रहिये ॥५॥

(८)

तुम मेरो साईं मैं तोर दास, चरन कँवल चित मेरो पास ॥१॥
पल पल सुमिरौं नाम सुबास, जीवन जग में देखा दास ॥२॥
जल में कुमुदिनि चन्द अकास, छाइ रहा छबि पुहुप बिलास॥३
उनमुनि गगन भया परगास, कहैं दरिया मेटा जम त्रास॥४

(९)

तुम सब ऐगुन मेटनिहारा ।
जा के हाथ जगत की डोरी, गुन गहि घैंचो पारा ॥१॥
पूत कपूत पिता कहँ लज्जा, जो मैं भूलि बिगारा ।
जैसे मनि मन्दिर के भीतर, निसि बासर उजियारा ॥२॥

तुम जिन्दा हो जागृत जग में, अेथहा* बेकिमती ।
खाक से पाक कियो छन माहीं, यही हमारी बिनती ॥३॥
सहज जोग अमृत रस चाखे, परे कबहिँ नहिँ सूखा ।
अनवा† चीज दिजे भरिपूरी, आतम रहे न भूखा ॥ ४ ॥
नखसिख लै तुम सुँदर बनाया, और भुजा बल नीका ।
अदल तुम्हारा ज्ञान हमारा, दूजा कहे सो फीका ॥५॥
बचन तुम्हारा अजर अमर है, हाल हजूरे सूना ।
कहैँ दरिया दाया के सागर, गनिये पाप न पूना ॥६॥

(१०)

तुम साहेब पारस के मूला ।
जा के पारस जोग दिढ़ाना, सोई जीवन फूला ॥ १ ॥
पारस बिनु कंचन नहिँ होवै, ताँबा के गुन नासा ।
सो पारस भृंगी रचि लिन्हा, देखा अजब तमासा ॥ २ ॥
स्रवन ज्ञान अभि अंतर पारस, सार सब्द की रीती ।
तुम अजीत जग जिते न कोई, वे मेरे परतीती ॥ ३ ॥
उग्र ज्ञान हिरदा चित चेतनि, कुदरत नाहिँ छपाया ।
ममता मारि साधु यह जीवै, जिन तेरो गुन गाया ॥४॥
साबुन मिले मैलि सब काटै, काया कापड़ धोवै ।
गया धोवन निर्मल हूआ, अघ पातक सब खोवै ॥५॥
हौँ गरीब तुम गरिब-नेवाज हो, बाँह पकरि के लीजे ।
कहै दरिया दर्सन को फल है, सब विधि अच्छा कीजे ॥६

(११)

साधो ऐसा ज्ञान प्रकासी ।
आतम राम जहाँ तक कहिये, सबै पुरुष की दासी ॥१॥

---

* अनमोल—और बेवाहा मूलमन्त्र दरिया पंथियों का है । † अनेक प्रकार के ।

यह सब जोति पुरुष है निर्मल, नहिँ तहँ काल निवासी ।
हंस बंस जो है निरदागा, जाय मिलै अबिनासी ॥२॥
सदा अमर है मरै न कबहीं, नहिं वहँ सक्ति उपासी ।
आवै जाय खपै सो दूजा, सो तन कालै नासी ॥३॥
तेजे स्वर्ग नर्क के आसा, या तन बेबिस्वासी ।
है छप लोक सबनि तेँ न्यारा, नहिँ तहँ भूख पियासी ॥४॥
केता कहै कबि कहे न जानै, वाके रूप न रासी ।
वह गुन-रहित तो यह गुन कैसे, ढूँढ़त फिरै उदासी ॥५॥
साँचे कहा झूठ जिनि जानहु, साँच कहे दुरि जासी ।
कहैँ दरिया दिल दगा दूरि करु, काटि दिहैँ जम फाँसी ॥६॥

(१२)

साधो निरगुन गुन तेँ न्यारा ।
अछय बिरिछ वो लगे फूल फल, पत्र भया संसारा ॥१॥
जोति सरूपी कन्या कहिये, तीनि देव दरबारा ।
मते मराये अपने पहरा*, खाझु† का फंद पसारा ॥२॥
बेद कितेब दोइ फंद रचिया, पंछी जिव संसारा ।
ललचि के लागे चट दे बाझे, पट दे ब्याधे‡ मारा ॥३॥
धोखा देखि सकल जग दौड़े, ऐसा पंथ बिचारा ।
जिव भौ मीन धिमर के फंदा, बड़ भै बात बिगारा ॥४॥
ऐसा गुरू ठगौरी जग मेँ, ठग ठाकुर ब्योहारा ।
घर के खसम बधिक‡ होइ लाग्यो, तब कहु कौन बिचारा ॥५
आवत जात परे भौचक मेँ, जाल मेँ सिफति§ पसारा ।
कह दरिया सुनु संत सजन जन, सब्दहिँ करु निरुवारा ॥६

* समय पड़े मति मारी गई । † चारा । ‡ चिड़ीमार । § गुण ।

(१३)

जहँ तक दृष्टि लखन में आवे, सो माया का चीन्हा ।
का निरगुन का सरगुन कहिये, वे तो दोउ तें भीना ॥१॥
दीपक जरै प्रकास जहाँ तक, बाती तेल मिलाया ।
जा की जोति जगत में जाहिर, भेद सो बिरले पाया ॥२॥
परस पखान पारस जो कहिये, सोना जुगुति बनाई ।
जेहि पारस से पारस भयउ, सो संतन ने गाई ॥३॥
परिमल बास परासहिँ बेधे, कह वो चन्दन हूआ ।
जेहिँ पारस से परिमल भयऊ, सो कबहीं नहिँ मूआ ॥४॥
जो पारस भृंगी यह जाने, कीट से भृंग बनाई ।
वा का भेद लखै नहिँ कोई, अपने जाति मिलाई ॥५॥
सनद परी सतगुरु के पासे, भरमि रहा सब कोई ।
बिरला उलटि आप को चीन्हा, हंस बिमल मल धोई ॥६॥
जल थल जीव जहाँ लग ब्यापक, बेद कितेबे भाखा ।
वा की सनद कबहुं नहिँ आई, गुप्त अमाने राखा ॥७॥
सतगुरु ज्ञान सदा सिर ऊपर, जो यह भेद बतावे ।
कहैँ दरिया यह कथनी मथनी, बहु प्रकार से गावे ॥८॥

(४१)

यह जग पारख बिना भुलाना ।
अगुनसगुनजग दुइ करि थापहिँ, अजपाघरिघरि ध्याना ॥१
अद्वैत ब्रह्म सकल घट ब्यापक, सिरगुन में लपटाना ।
आवे जाय उपजि फिर बिनसै, जरि मरि कहाँ समाना ॥२॥
छवो चक्र औ चारि चतुरदल, बेद मते अरुझाना ।
बंक नाल को डोरी खींचे, जोगी जुगुति बखाना ॥३॥

सहस पाँखरी कमल बिराजित, मन मधुकर लपटाना ।
जल के सुखे कँवल कुम्हिलाने, तब कहु कहाँ ठिकाना ॥४॥
घट मैं करता लोक कहतु है, पाँच तत्तु बिलगाना ।
सगुन बिनसि निरगुन रहित है, गुन बिन कहाँ समाना॥५॥
करहु बिचार सकल मिलि ऐसे, भेष बिबिधि है बाना ।
कहैं दरिया सतगुरु गमि जानै, पहुँचै हंस ठिकाना ॥६॥

(१५)

भीतर मैलि चहल* कै लागी, ऊपर तन का धावे है ॥१॥
अविगति मुरति महल के भीतर, वाका पंथ न जोवे है ॥२॥
जुगुति बिना कोइ भेद न पावै, साधु सँगति का गोवे है ॥३॥
कहैं दरिया कुटने वे गोदी, सीस पटकि का रोवे है ॥४॥

गोष्ठी

दरिया साहेब वो रामेश्वर जोगी की काशी में

(रामेश्वरदास)

गुफा सुफा में आसन माँड़े, सुन में ध्यान लगावै ।
आसम साधि पवन जो पोवै, जोनि संकट नहिं आवै ॥
यह मन जाना ब्रह्म दिढ़ाना, सोई सिद्ध कहावे ।
कर्म जोग बिनु जुगति न पावे, सतगुरु सब्द लखावे ॥
बायु बिन्द लै गगन समाना, त्रकुटी है अस्थाना ।
सास्तर गीता यह मति भाखे, सोई सब्द प्रमाना ॥
रोम रोम सींचे जो जोगी, अमृत झरि जो आवै ।
कहैं रामेश्वर सुनु हो स्वामी, तब वा पद के पावै ॥१॥

* कीचड़ ।

(दरिया साहेब)

का गोफा सोफा में बैठे, का इक तारी लाये ।
का आसन बासन के बाँधे, का भी पवन चढ़ाये ॥
का आतम के जारे मारे, का भौ तृषा मिटाये ।
जब लग जुगुति जानि नहिं आवै, का भा जोग कमाये ॥
का सींगी सेल्ही के डारे, का मुख टेरि सुनाये ।
का नाचे झालरि झनकारे, का मिरदंग बजाये ॥
झिलिमिलि झगरा झूठा झलते, औंधा ध्यान लगाये ।
कहैं दरिया सुनु ज्ञान रमेश्वर, जग में जिव जहँड़ाये ॥२॥

(रामेश्वरदास)

सनकादिक सुकदेव जो कहिये, जा के ब्रह्म दिढ़ाना ।
अखंडित ब्रह्म अगोचर अविगति, यही मता ठहराना ॥
बसिष्ट ज्ञान जो स्रेष्ट जगत में, ओ मुनि बहुत बखाना ।
जा को बचन अमर है जुग जुग, निरालेप निरबाना ॥
एकै जोति सकल घट ब्यापेउ, अद्वैत ब्रह्म कहावे ।
अगम अपार पार नहिं पावे, निगम नेति जो गावे ॥
चार बेद ब्रह्मा मुख भाखा, ब्यास गरंथ बनाया ।
कहैं रामेस्वर सुनिये स्वामी, यह छोड़ि दुजा न आया ॥३॥

(दरिया साहेब)

हरि ब्रह्मा औरो त्रिपुरारी, बहुते जोग कमाते ।
नवो नाथ चौरासी सिद्धा, गोरख पवने खाते ॥
इँगला पिंगला सुखमनि जाने, मेरु दंड को साधा ।
बंक नाल की डोरी खींचे, उलटि दुवादस बाँधा ।
मारकंडे वो संकर जोगी, जग में परघट ज्ञाना ।
मुनि बसिस्ट राम के जो गुरु, उन भी ज्ञान बखाना ॥

बेद गरब तें पंडित भूला, आपन मरम न जाना।
ये जीवै जहँड़ाये जग में, पढ़ि पढ़ि बेद पुराना॥
जोति सरूपी जा के कहिये, करै जिवन के घाता।
दान पुन्य बलि राजा कीन्हा, बाँधि पताले जाता॥
उतपति परलै यह जग करई, सो मन चाहै हाथा।
मिरतक* अंध नजरि नहिँ आवैं, रहै सभनि के माथा॥
जब लगि मन परिचै नहिँ पावै, किमि उतरै भवपारा।
कहैं दरिया सुन ज्ञान रमेस्वर, करिले सब्द बिचारा॥४॥

(रामेश्वरदास)

खेचरि भूचरि चाचरि अगोचरि, यह जोगी जो पावै।
इँगला पिँगला सुखमनि घाटै, अठदल कमल दिढ़ावै॥
पाँच तत्त की बाती लेसै, परम जोति परगासा।
सुन्न मँदिर में मुद्रा जागै, करम भरम सब नासा॥
नाद बिन्द जाके घट जरई, सहज समाधि लगावै।
आपुहिँ गुरू आप है चेला, कहु का को गुन गावैं॥
आपन अंत पावै जो जोगी, कवन बुड़े को तरई।
कहैं रामेस्वर सुनो सुवामी, यह पद निरचै धरई॥५॥

(दरिया साहेब)

खेचरि भूचरि चाचरि अगोचरि, मुद्रा झिलमिल† त्यागै।
छोड़ि पपीलक गहै बिहंगम, उन मुनि मुद्रा जागै॥
छवो चक्र काया परघट है, वा का भेद जो पावै।
सब्द सजीवनि हैगा मूला, काया में झलकावैं॥

* मौत। † प्रकाश।

बारे द्रिष्टि करै उँजियारा, सुन्न गगन मैं पेखै।
जा के सतगुरु पूरा मिलिया, सोई सब्द यह देखै॥
बाहर भीतर एकै लेखा, हमै सब्द नीसाना।
कस्तूरी नाभी मैं बासा, मिरगा मरम न जाना॥
जहवाँ नहीं तहाँ सब देखो, चरै फुरै ओ घ्राना।
कहैं दरिया सुनु ज्ञान रमेसर, सुनि ले सब्द निसाना॥६॥

(रमेश्वर दास)

राम कृष्न आदि वो कहिये, जल थल जीव बनाया।
जोगी जती तपी सन्यासी, मुनि सब ध्यान लगाया॥
सनकादिक ब्रह्मादिक कहिये, अचल पदै के लागे।
जुग अनंत की येही महिमा, सिव समाधि मैं जागे।
नवो नाथ चौरासी सिद्धा, सब मिलि गुन जो गाया।
निरालेप निरंजन कहिये, अचुतानन्द कहाया॥
यह मत जाना ब्रह्म दिढ़ाना, पूरा सिद्ध कहावै।
कह रामेस्वर सुनिये स्वामी, बहुरि न भवजल आवैं॥७॥

(दरिया साहेब)

सत्त पुरुष जब आपे होते, राम कृष्न नहिँ तहिया।
एक से आदि अंत होइ आये, सृष्टि रचाहै जहिया॥
सनकादिक ब्रह्मादिक कहिये, उन भी अंत न पाया।
जोगी जती तपी सन्यासी, रोइ रोइ जनम गँवाया॥
सिव समाधि जो जुग जुग कहिये, आदि मरम नहिँ जाना।
वह करता यह किरतिम कहिये, मया मोह भगवाना॥
बाद किये से मिले न साहेब, बाद करै सो झूठा।
जब लगि सत्त सब्द नहिँ पावैं, काल करम नहिँ छूटा॥

जंगम जोगी पंडित ज्ञाता, निरंकार ठहराई ।
कहैं दरिया सुनु ज्ञान रमेसर, काल दाग धरि आई ॥८॥

साखियाँ

बेवाहा* के मिलन सौं, नैन भया खुसहाल ।
दिल मन मस्त मतवल हुआ, गूँगा गहिर रसाल† ॥
सत्त गुरू गमि ज्ञान करु, बिमल सदा परकास ।
मम सतगुरु का दास हौं, पद पंकज की आस ॥
सुकृत पिरेमहिँ हितु करहु, सत बोहित‡ पतवार ।
खेवट सतगुरु ज्ञान है, उतरि जाय भौ पार ॥
मथुरा मन के मंथिये, मथन करो गुरु ज्ञान ।
कंज पुंज झलकत रहै, देखत अधर अमान ॥
भजन भरोसा एक बल, एक आस बिस्वास ।
प्रीति प्रतीति इक नाम पर, सोइ संत बिबेकी दास ॥
है खुसबोई पास मैं, जानि परे नहिँ सोय ।
भरम लगे भटकत फिरे, तिरथ बरत सब कोय ॥
नीसाचर निसि चरतु हैं, निसा काल का रूप ।
दिन दीवाकर देखु छबि, हंस सो बिमल अनूप ॥
जंगम जोगी सेवड़ा, पड़े काल के हाथ ।
कहैं दरिया सोइ बाचिहै, सत्त नाम के साथ ॥
बारिधि अगम अथाह जल, बोहित बिनु किमि पार ।
कनहरिया गुरु ना मिला, बूड़त हैं मँझधार ॥

---

* दरिया पंथियों के मूल मंत्र और इष्ट का नाम । † बोलाक, बोलनेवाला ।
‡ नाव।

निकट जाय जमराज नहिँ, सिर धुनि जम पछिताय ।
बुन्द सिन्ध मैं मिलि रहा, कवन सके बिलगाय ॥
सिंघ निकट नहिँ आवई, करि सियार सोँ प्रीति ।
साधु सिंघ मति सरस है, लियो मतंगहिँ* जीति ॥
है मगु साफ बराबरे, मंदा लोचन माहिँ ।
कवन दोष मगु भान कहँ, आपे सूझत नाहिँ ॥
पहिले गुड़ सक्कर हुआ, चीनी मिसरी कीन्हि ।
मिसरी से कन्दा भयो, यही सोहागिनि चीन्हि ॥
पाँच तत्त की कोठरी, ता मैं जाल जँजाल ।
जीव तहाँ बासा करै, निपट नगीचे काल ॥
दरिया तन से नहिँ जुदा, सब किछु तन के माहिँ ।
जोग जुगत सोँ पाइये, बिना जुगति किछु नाहिँ ॥
काम क्रोध मद लोभ जत, गरब गरूरी झारि ।
बिमल प्रेम मनि बारि के, राखु दृष्टि उजियारि ॥
दरिया दिल दरियाव है, अगम अपार बेअंत ।
सब महँ तुम तुम में सभे, जानि मरम कोइ संत ॥

॥ इति ॥

---

* हाथी रूपी काल ।

बेलवेडियर प्रेस, कटरा, प्रयाग की पुस्तकें

संतबानी पुस्तकमाला

[हर महात्मा का जीवन-चरित्र उनकी बानी के आदि में दिया है]

कबीर साहिब का बीजक	...	...	॥।)
कबीर साहिब का साखी-संग्रह	...	...	१=)
कबीर साहिब की शब्दावली, पहला भाग	...	...	॥।)
कबीर साहिब की शब्दावली, दूसरा भाग	...	...	॥।)
कबीर साहिब की शब्दावली, तीसरा भाग	...	...	।=)
कबीर साहिब की शब्दावली, चौथा भाग	...	...	≡)
कबीर साहिब की ज्ञान-गुदड़ी, रेख़ते और झूलने	...	...	।=)
कबीर साहिब की अखरावती	...	...	=)
धनी धरमदास जी की शब्दावली	...	...	॥-)
तुलसी साहिब (हाथरस वाले) की शब्दावली भाग १		...	१=)
तुलसी साहिब दूसरा भाग पद्मसागर ग्रंथ सहित		...	१=)
तुलसी साहब का रत्नसागर	...	...	१।-)
तुलसी साहिब का घट रामायण पहला भाग	...	...	१॥)
तुलसी साहिब का घट रामायण दूसरा भाग	..	...	१॥)
गुरु नानक की प्राण-संगली दूसरा भाग	...	...	१॥)
दादू दयाल की बानी भाग १ "साखी"	...	...	१॥)
दादू दयाल की बानी भाग २ "शब्द"	...	...	१।)
सुन्दर बिलास	...	...	१-)
पलटू साहिब भाग १—कुंडलियाँ	...	...	॥।)
पलटू साहिब भाग २—रेख़्ते, झूलने, अरिल, कबित्त, सवैया		...	॥।)
पलटू साहिब भाग ३—भजन और साखियाँ	...	...	॥।)
जगजीवन साहिब की बानी, पहला भाग	...	...	॥।-)
जगजीवन साहिब की बानी दूसरा भाग	...	...	॥।-)
दूलन दास जी की बानी,	...	...	।)॥

मूल्य केवल ६॥) । इसी असली रामायण का एक सस्ता संस्करण ११ बहुरंगा और ६ रंगीन यानी कुल २० सुन्दर चित्र सहित और सजिल्द १२०० पृष्ठों का मूल्य ४॥) । प्रत्येक कांड अलग अलग भी मिल सकते हैं और इनके काग़ज़ उमदा हैं ।

प्रेम-तपस्या—एक सामाजिक उपन्यास (प्रेम का सच्चा उदाहरण) मूल्य ॥)

लोक परलोक हितकारी—इसमें कुल महात्माओं के उत्तम उपदेशों का संग्रह किया गया है । पढ़िये और अनमोल जीवन को सुधारिये । मूल्य ।॥=)

विनय कोश—विनयपत्रिका के सम्पूर्ण शब्दों का अकारादि क्रम से संग्रह करके विस्तार से अर्थ है । यह मानस-कोश का भी काम देगा । मूल्य २)

हनुमान बाहुक—प्रति दिन पाठ करने के योग्य, मोटे अक्षरों में शुद्ध छपी है । मूल्य -)॥

तुलसी ग्रन्थावली—रामायण के अतिरिक्त तुलसीदास जी के अन्य ग्यारहों ग्रन्थ शुद्धता पूर्वक मोटे मोटे बड़े अक्षरों में छपे हैं और पाद टिप्पणी में कठिन शब्दों के अर्थ दिये हैं । सचित्र व सजिल्द मूल्य ४)

कवित्त रामायण—पं० रामगुलाम जी द्विवेदी कृत पाद टिप्पणी में कठिन शब्दों के अर्थ सहित छपी है । मूल्य ।=)

नरेन्द्र-भूषण—एक सचित्र सजिल्द उत्तम मौलिक जासूसी उपन्यास है । मूल्य १)

संदेह—यह एक मौलिक क्रांतकारी उपन्यास नया है । बिना जिल्द ॥।) सजिल्द १)

चित्रमाला भाग १—सुन्दर मनोहर १२ रंगीन चित्रों का संग्रह तथा परिचय है । मूल्य ।॥)

चित्रमाला भाग २—सुन्दर मनोहर १२ रंगीन चित्रों का सग्रह है । मूल्य ।॥)

चित्रमाला भाग ३—सुन्दर मनोहर १२ रंगीन चित्रों का संग्रह है मूल्य १)

चित्रमाला भाग ४—१२ रंगीन सुंदर चित्र तथा चित्र-परिचय है मूल्य १)

गुटका रामायण—यह असली तुलसीकृत रामायण अत्यन्त शुद्धता पूर्वक छोटे रूप में है । पृष्ठ संख्या लगभग ४५० के है । इसमें अति सुन्दर ८ बहुरंगे और ५ रंगीन चित्र हैं । तेरहो चित्र अत्यन्त भावपूर्ण और मनमोहक हैं । रामायण प्रेमियों के लिये यह रामायण अपूर्व और लाभदायक है । जिल्द बहुत सुन्दर और मज़बूत तथा सुनहरी है । मूल्य केवल लागत मात्र १॥)

घोंघा गुरू की कथा—इस देश में घोंघा गुरू की हास्यपूर्ण कहानियाँ बड़ी ही प्रचलित हैं । उन्हीं का यह संग्रह है । शिक्षा लीजिए और ख़ूब हँसिए । ।)

गल्प पुष्पाञ्जलि—इसमें बड़ो उमदा उमदा गल्पों का संग्रह है । पुस्तक सचित्र और दिलचस्प है । दाम ॥-)

हिन्दी साहित्य सुमन— दाम ॥)

आवश्यक सूचना

संतबानी पुस्तकमाला के उन महात्माओं की लिस्ट जिनको जीवनी तथा बानियाँ छप चुकी हैं

कबीर साहिब का अनुराग सागर
कबीर साहिब का बीजक
कबीर साहिब का साखी-संग्रह
कबीर साहिब की शब्दावली–चारो भागों में
कबीर साहिब की ज्ञान-गुदड़ी, रेखते, झूलने
कबीर साहिब की अखरावती
धनी धरमदास की शब्दावली
तुलसी साहिब (हाथरस वाले) भाग १ 'शब्द'
तुलसी शब्दावली और पद्मसागर भाग २
तुलसी साहिब का रत्नसागर
तुलसी साहिब का घट रामायण–२ भागों में
दादू दयाल भाग १ 'साखी',–भाग २ "पद"
सुन्दरदास का सुन्दर बिलास
पलटू साहिब भाग १ कुंडलियाँ। भाग २
रेखते झूलने, सवैया, अरिल, कवित्त।
भाग ३ भजन और साखियाँ।
जगजीवन साहब—२ भागों में
दूलनदास जी की बानी
चरनदास जी की बानी, दो भागों में
गरीबदास जी की बानी
रैदास जी की बानी
दरिया साहिब (बिहार) का दरिया सागर
दरिया साहिब के चुने हुए पद और साखी
दरिया साहिब (मारवाड़ वाले) की बानी
भीखा साहिब की शब्दावली
गुलाल साहिब की बानी
बाबा मलूकदास जी की बानी
गुसाईं तुलसीदास जी की बारहमासी
यारी साहिब की रत्नावली
बुल्ला साहिब का शब्दसार
केशवदास जी की अमीघूँट
धरनीदास जी की बानी
मीराबाई की शब्दावली
सहजोबाई का सहज-प्रकाश
दयाबाई की बानी
संतबानी संग्रह, भाग १ 'साखी'–भाग २ 'शब्द'
अहिल्या बाई (अँग्रेज़ी पद में)

अन्य महात्मा जिनकी जीवनी तथा बानियाँ नहीं मिल सकीं

१ पीपा जी। २ नामदेव जी। ३ सदना जी। ४ सूरदास जी। ५ स्वामी हरिदास जी। ६ नरसी मेहता। ७ नाभा जी। ८ काष्ठजिह्वा स्वामी।

प्रेमी और रसिक जनों से प्रार्थना है कि यदि ऊपर लिखे महात्माओं की असली जीवनी तथा उत्तम और मनोहर साखियाँ या पद जो संतबानी पुस्तकमाला के किसी ग्रन्थ में नहीं छपे हैं मिल सकें तो कृपा पूर्वक नीचे लिखे पते से पत्र-व्यवहार करें। इस कष्ट के लिए उनको हार्दिक धन्यवाद दिया जायगा। यदि पाठक महोदय ऊपर लिखे महात्माओं का असली चित्र भी प्राप्त कर सकें, त उनसे प्रार्थना है कि नीचे लिखे पते से पत्र-व्यवहार करें। असली चित्र प्राप्ति के लिए उचित मूल्य या खर्च दिया जायगा।

मैनेजर—संतबानी पुस्तकमाला, बेलविडियर प्रेस, प्रयाग।